49036 - दूसरे की ओर से जमरात को कंकड़ी मारने का हुक्म

प्रश्न

मैंने एक बूढ़े व्यक्ति की ओर से जमरात को कंकड़ी मार दी, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

विस्तृत उत्तर

यदि यह व्यक्ति जिसने आपको अपनी ओर से जमरात को कंकड़ी मारने के लिए वकील बनाया (ज़िम्मेवारी सौंपी) है, वह कठिनाई और भीड़ के कारण कंकड़ी मारने में असमर्थ है, तो आपके लिए उसकी ओर से कंकड़ी मारने की अनुमति है। तथा आपने उल्लेख किया कि वह बुजुर्ग (बूढ़ा) आदमी है, इसलिए सबसे अधिक संभावना यह है कि वह स्वयं कंकड़ी मारने में असमर्थ है।

''फतावा अल-लज्नह अद-दाईमह (11/286)'' में आया है:

''जो व्यक्ति जमरात को कंकड़ी मारने में असमर्थ है, वह अपनी ओर से कंकड़ी मारने के लिए किसी को नियुक्त कर सकता है। इस संबंध में जमरतुल अक़बह और अन्य सभी जमरात बराबर हैं। तथा उसे किसी ऐसे व्यक्ति को (प्रतिनिधि) नियुक्त करना चाहिए जो भरोसेमंद हो और उस वर्ष हज भी कर रहा हो ...''

इस आधार पर, आपका उस बुजुर्ग व्यक्ति की ओर से जमरात को कंकड़ी मारना पर्याप्त है और आप को कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है।

आपको चाहिए कि प्रत्येक जमरात को कंकड़ी मारते समय पहले अपनी ओर से कंकड़ी मारें फिर उसकी ओर से कंकड़ी मारें। आपको से प्रत्येक जमरात पर इसी तरह करना चाहिए। आपको ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है कि आप तीनों जमरात को पहले अपनी तरफ से कंकड़ी मार लें, और फिर वापस लौटकर उसकी तरफ से कंकड़ी मारें। बल्कि आप एक ही स्थान पर खड़े रहते हुए प्रत्येक जमरात को उसकी तरफ से और अपनी तरफ़ से कंकड़ी मार सकते हैं। लेकिन आप कंकड़ी मारने की शुरूआत पहले अपनी तरफ़ से करेंगे।

तथा प्रश्न संख्याः (36853) देखें।

और अल्लाह तआला ही क सबसे अधिक ज्ञान रखता है।